17

# न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी
## जिला सवाई माधोपुर
### पीठासीन अधिकारी—श्री बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0

| मुकदमा नम्बर | तारीख रजू | तारीख निर्णय |
| --- | --- | --- |
| 49/2009 | 19.06.2009 | 08.4.2026 |

1. हुल्लाराम पुत्र स्व0 पांच्या, माली नि. मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी (मृतक)
1/1 किशनी पत्नी हुल्लाराम, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
1/2 काडू पुत्र हुल्लाराम, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
1/3 बाबूलाल पुत्र हुल्लाराम, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
1/4 हीरालाल पुत्र हुल्लाराम, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
1/5 भूरी पुत्री हुल्लाराम पत्नी रामलाल, माली निवासी नयापुरा महुकलाँ तहसील गंगापुर सिटी (मृतक)
1/5/1 रामलाल पुत्र रामेत, माली निवासी महुकलाँ तह0 गंगापुर सिटी
1/5/2 हरिचरण पुत्र रामलाल, माली निवासी महुकलाँ तह0 गंगापुर सिटी
1/5/3 लेखराज पुत्र रामलाल, माली निवासी महुकलाँ तह0 गंगापुर सिटी
2. श्योपाल पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
3. रामखिलाडी पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
4. रामस्वरूप पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
5. बुधराम पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी ——वादीगण

बनाम

1. रामनारायण पुत्र जयनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
2. कल्लू पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
3. रामस्वरूप पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
4. बच्चू पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
5. शिवचरण पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
6. गोपाल पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
7. रामप्रसाद पुत्र जयराम पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
8. शिवकुमार पुत्र किशोर पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी ——प्रतिवादीगण

दावा बाबत स्थाई निषेधाज्ञा

उपस्थित :– श्री भानू कुमार दीक्षित, एडवोकेट, वादीगण की ओर से
श्री रविशंकर शर्मा, एडवोकेट, प्रतिवादीगण की ओर से

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:00:57 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

18



**निर्णय**

वादीगण ने वादपत्र इस आशय का प्रस्तुत किया है कि भूमि ख0न0 379 रकबा 1.16 है0 ग्राम मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिअी ग्यारसा व रमजू पुत्रान गंगाधर माली निवासी मिर्जापुर की खातेदारी व कब्जे काश्त की भूमि रही है। जिसमे से 35 एयर भूमि वादीगण ने उक्त खातदेरान ग्यारसा व रमजू से दिनांक 11.7.94 को जरिए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र खरीदकर कब्जा प्राप्त किया है। उक्त बेचान के बाद उक्त विक्रय पत्र के आधार पर उक्त खरीदशुदा भूमि 35 ऐयर का नामान्तकरण भी वादीगण के नाम खुल चुका है। जिसका नया नम्बर 1154/379 कायम किया गया है। इस तरह ख0न0 379 से बने नम्बर 1154/379 रकबा 35 एयर वादीगण की खातदेरी व कब्जे काश्त की भूमि है। वादीगण की उक्त खरीदशुदा भूमि के दक्षिण मे ग्यारसा, रमजू की ख0न0 379 की आराजी रही है। उसके बाद दक्षिण मे ख0न0 386, 387 व 390 की भूमि है जो कि प्रतिवादीगण की खातदेरी की भूमि हैं वादीगण की भूमि के दक्षिण मे ग्यारसा, रमजू की जो ख0न0 379 की भूमि रही है उस 36 एयर भूमि को ग्यारसा, रमजू ने केदार, विरजू, भजन व गोपाल माली को विक्रय कर दिया। प्रतिवादीगण की नियत खराब है। वे ख0न0 387 के उत्तरी पश्चिमी कौने से ख0न0 382 जो कि वादीगण व वादीगण के अन्य भाईयों के खातेदारी व कब्जे काश्त भूमि है के उत्तरी पश्चिमी कोने तक तिकोण मे ख0न0 379 की भूमि पर नाजायज प्रकार से कब्जा करना चाहते है। जिसमे केदार माली की भूमि के कुछ हिस्से की भूमि पर कब्जा करते हुए वादीगण की उक्त खरीदशुदा भूमि ख0न0 1154/379 के दक्षिणी पश्चिमी हिस्से पर भी कब्जा करना चाहते है। प्रतिवादीगण ने अपने इस नाजायज उद्देश्य से दिनांक 1.6.09 को ख0न0 386 की डौल मेड को तोडकर कब्जा करना चाहा तो वादीगण ने मना किया परन्तु प्रतिवादीगण नही माने। अतः वादपत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रतिवादीगण को जरिए स्थाई निषेधाज्ञा इस आशय से पाबंद फरमाया जावे कि वे भूमि ख0न0 1154/379 मे वादीगण के कब्जे काश्त कोई बाधा ना तो स्वयं पैदा करे और ना ही किसी अन्य से करावें।

दावा दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को तलब किया गया।

प्रतिवादीगण ने अपने जबाब मे अंकित किया है कि ख0न0 379 ग्राम मिर्जापुर किशनलाल, मोहनलाल पि0 ग्यारसा हि0 1/2 रमजू पुत्र गंगाधर हि0 1/2 की खातेदारी की भूमि हैं जिसका रकबा मुताबिक जमाबंदी संवत 2065—68 रकबा 25 एयर दर्ज है। ऐसी स्थिति मे ग्यारसा व रमजू का 35 एयर रकबा वादीगण को विक्रय करने का प्रश्न ही पैदा नही हाता है। अगर ख0न0 379 से नवीन नम्बर 1154/379 कायम होता है तो उसकी तरमीम नक्शा ट्रेस मे होती जबकिम मुताबिक नक्शा ट्रेस 1154/379 नम्बर की अलग से कोई तरमीम नही है। जब नक्शा ट्रेस मे ख0न0 1154/379 का कोई रकबा ही नही है तो वादीगण [illegible] कब्जा होने का प्रश्न ही पैदा नही होता है। जब ख0न0 379 से वादीगण का कोई सम्बन्ध

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:00:57 IST
Reason: SelfAttested

वास्ता नही है तो वादीगण को उक्त ख0न0 से सम्बधित वाद लाने का कोई अधिकार नही है। ख0न0 382 का प्रश्न है वह वादीगण द्वारा पक्षकार नही बनाया गया है तथा ख0न0 379 के खातेदारान को भी पक्षकार नही बनाया गया है। दिनांक 1.6.09 को भी कोई घटना घटित नही हुई। अतः जबाब दावा प्रस्तुत कर निवेदन है दावा वादी मय खर्चा खारिज फरमाया जावे।

दावा एवं जबाबदावा के आधार पर वाद मे तनकी कायम की गई।

1. आया भूमि ख0न0 1154/379 रकबा 35 एयर ग्राम मिर्जापुर वादीगण की खरीदशुदा खातेदारी व कब्जे काश्त की भूमि है। —वादीगण

2. आया प्रतिवादीगण उपरोक्त भूमि के दक्षिणी पूर्वी हिस्से पर कब्जा करने को आमादा है एवं दिनांक 1.6.09 व दिनांक 18.6.09 को प्रतिवादीगण ने वादीण की भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की। —वादीगण

3. आया वादीगण प्रतिवादीगण को स्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद कराने का अधिकारी है। — वादीगण

4. आया ख0न0 1154/379 की नक्शा ट्रेस मे पृथक से काई तरमीम नही है इसलिए इस नम्बर पर वादीगण कब्जा काश्त होने का प्रश्न ही नही है वादीगण ने दावा गलत पेश किया है जो खारिज होने योग्य है। —प्रतिवादीगण

वादपत्र के समर्थन में वादीगण ने नकल जमाबंदी संवत 2065 से 2068 प्रदर्श–1, प्रदर्श–2, प्रदर्श 3, नकल नक्शा ट्रेस संवत 2034–35 प्रदर्श 4, फर्द मौका दिनांक 01.06.2009 प्रदर्श 5, प्रार्थना पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदर्श 6 तथा नकल विक्रय पत्र की फोटोप्रति प्रस्तुत की है एवं बयान वादी हुल्लाराम पी0डब्लू0 1 कराये हैं।

प्रतिवादी ने अपने जबाब के समर्थन मे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है एवं बयान प्रतिवादी रामनारायण डी0डब्लू. 1 कराए हैं।

बहस विद्वान अभिभाषक उभयपक्ष सुनी गई।

वादीगण के विद्वान अभिभाषक ने अपने वादपत्र के अनुरूप बहस करते हुए वादीगण का वाद डिक्री करने का निवेदन किया।

प्रतिवादीगण के विद्वान अभिभाषक ने अपने जबाब के अनुरूप बहस करते हुए वादीगण का दावा खारिज करने का निवेदन किया है।

बहस पर मनन किया। प्रस्तुत राजस्व अभिलेख का अवलोकन किया। वादग्रस्त भूमि वादीगण की खातेदारी मे दर्ज है। जो नकल जमाबंदी प्रदर्श 2 से विदित है। अपने जबाब दावे मे प्रतिवादीगण ने वादीगण का भूमि ख0न0 1154/379 पर कब्जा नही होने के सम्बन्ध मे तथा भूमि ख0न0 379 का रकबा 25 एयर होने से सम्बधित जिन तथ्यों का उल्लेख किया है। उनको प्रमाणित करने के लिए कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नही किया है। ऐसी स्थिति मे प्रतिवादीगण के कथन मात्र से प्रतिवादीगण के कथन को सत्य नही माना जा सकता है। दूसरी ओर वादग्रस्त भूमि वादीगण की खातेदारी मे दर्ज है। इसलिए कब्जा भी वादीगण का ही माना जावेगा। फलस्वरूप वादीगण का वाद स्वीकार किये जाने योग्य है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:00:57 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

(20)

( 4 )

**आदेश**

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार वादीगण का वाद स्वीकार किया जाकर डिक्री किया जाता है एवं प्रतिवादी को स्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया जाता है कि वह भूमि ख0न0 1154/379 रकबा 35 एयर ग्राम मिर्जापुर तहसील गंगापुर सिटी के कब्जे काश्त उपयोग उपभोग मे वादीगण को किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही करे। पर्चा डिक्री जारी किया जावें।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 8.5.26 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

( बृजेन्द्र मीना )
उप जिलाकलक्टर
गंगापुर सिटी

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:00:57 IST
Reason: SelfAttested

(21)

डिकरी व मुकददमे इब्तदाई
(ऑर्डर 20, रूल 6—जाब्ता दीवानी)
(Civil Proceede Code, Appendix D-1)

Judi/Civil
Part IV-10

अज अदालत उप जिला कलक्टर मुकाम गंगापुर सिटी
इजलास बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0

उनवान

1. हुल्लाराम पुत्र स्व0 पांच्या, माली नि. मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी (मृतक)
1/1 किशनी पत्नी हुल्लाराम, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
1/2 काडू पुत्र हुल्लाराम, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
1/3 बाबूलाल पुत्र हुल्लाराम, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
1/4 हीरालाल पुत्र हुल्लाराम, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
1/5 भूरी पुत्री हुल्लाराम पत्नी रामलाल, माली निवासी नयापुरा महुकलॉ तहसील गंगापुर सिटी (मृतक)
1/5/1 रामलाल पुत्र रामेत, माली निवासी महुकलॉ तह0 गंगापुर सिटी
1/5/2 हरिचरण पुत्र रामलाल, माली निवासी महुकलॉ तह0 गंगापुर सिटी
1/5/3 लेखराज पुत्र रामलाल, माली निवासी महुकलॉ तह0 गंगापुर सिटी
2. श्योपाल पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
3. रामखिलाडी पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
4. रामस्वरूप पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
5. बुधराम पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी ——वादीगण

बनाम

1. रामनारायण पुत्र जयनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
2. कल्लू पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
3. रामस्वरूप पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
4. बच्चू पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
5. शिवचरण पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
6. गोपाल पुत्र रामनारायण पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी
7. रामप्रसाद पुत्र जयराम पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:00:57 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

(22)



8. शिवकुमार पुत्र किशोर पुत्र पांच्या, माली निवासी मिर्जापुर तह0 गंगापुर सिटी

—प्रतिवादीगण

दावा बाबत् स्थाई निषेधाज्ञा

मुकदमा नं. – 49/2009

यह मुकदमा आज वास्ते इनफियाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी श्री भानू कुमार सिंहल, एडवोकेट मिनजानिब मुद्दई श्री रविशंकर शर्मा, एडवोकेट मुद्दायलह पेश होकर, हुक्म दिया जाता है व उपरोक्त विवेचन के अनुसार वादीगण का वाद स्वीकार किया जाकर डिक्री किया जाता है एवं प्रतिवादी को स्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया जाता है कि वह भूमि ख0न0 1154/379 रकबा 35 एयर ग्राम मिर्जापुर तहसील गंगापुर सिटी के कब्जे काश्त उपयोग उपभोग मे वादीगण को किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही करे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 08.4.2026 को जारी किया गया ।

( बृजेन्द्र मीना )
उप जिलाकलक्टर
गंगापुर सिटी

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

| मुद्दई | रूपया | पैसा | मुद्दायलह | रूपया | पैसा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | स्टाम्प पर्ची | | |
| महनताना वकील | | | महनतानावकील पर | | |
| खर्चा गवाहान | | | खर्चा गवाहान | | |
| फीस कमिश्नर | | | फीस कमिश्नर | | |
| बाबत इजराय | | | बाबत इजराय | | |
| हुक्मनामा | | | हुक्मनामा | | |
| मुतफर्रिक | | | मुतफर्रिक | | |
| मीजान | | | मीजान | | |

( बृजेन्द्र मीना )
उप जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:00:57 IST
Reason: SelfAttested